संख्या-46/2018-1763/58-2018-157/2018

प्रेषक,

आर0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

उद्यान अनुभाग **लखनऊ: दिनांक 09 जुलाई, 2018**

विषयः- **राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2018-19 में एस0एल0एस0सी0 से अनुमोदित 30-नॉन एन0एच0एम0 जनपदों की औद्यानिक विकास परियोजनान्तर्गत कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत धनराशि रू0-1250.84 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-139-40/आर0के0वी0वाई0/30-नॉन एन0एच0एम0/2018-19, दिनांक 29.06.2018 एवं कृषि अनुभाग-3 के शासनादेश सं0-644/12-3-2018/100(37)/2017, दिनांक 28.06.2018 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2018-19 में अनुमोदित 30-नॉन एन0एच0एम0 जनपदों को औद्यानिक विकास की परियोजनान्तर्गत कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु अवमुक्त की गयी धनराशि रू0-1250.84 लाख (रूपये-बारह करोड़ पचास लाख चौरासी हजार) (अनुदान सं0-11 धनराशि रू0-984.56 लाख अनुदान सं0-83 धनराशि रू0-262.68 लाख एवं अनुदान सं0-81 धनराशि रू0-3.60 लाख) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति कृषि अनुभाग-3 के उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 28.06.2018 में उल्लिखित शर्तों एवं निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है :-

(धनराशि लाख रूपये में)

परियोजना का नाम	**लेखाशीर्षक/मानक मद**	**अवमुक्त धनराशि**	**प्रशासकीय स्वीकृति की धनराशि**
1	**2**	**3**	**4**
30-नॉन एन0एच0एम0 जनपदों को औद्यानिक विकास	**<u>अनुदान सं0-11</u>** लेखाशीर्षक-2401-फसल कृषि कर्म- 800-अन्य व्यय- 02-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- 0204-उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण की योजनायें- 27-सब्सिडी- 42-अन्य व्यय **योग-**	 876.56 108.00 984.56	 876.56 108.00 984.56
	<u>अनुदान सं0-81</u> लेखाशीर्षक-2401-फसल कृषि कर्म- 789-जनजाति क्षेत्र उपयोजना- 02-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- 0202-उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण की योजनायें- 27-सब्सिडी-	 3.60	 3.60
	<u>अनुदान सं0-83</u> लेखाशीर्षक-2401-फसल कृषि कर्म- 789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना- 02-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- 0202-उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण की योजनायें- 27-सब्सिडी-	 262.68	 262.68
	योग-	**1250.84**	**1250.84**

(रूपये-बारह करोड़ पचास लाख चौरासी हजार मात्र)

http://srisanadesh.up.nic.in

(1) उक्त धनराशि का व्यय एस0एल0एस0सी0 द्वारा अनुमोदित योजना/मद पर ही व्यय किया जायेगा। अन्य योजना/मदों/कार्यों पर किया गया व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी जिसके लिए निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, वित्त नियंत्रक तथा सम्बन्धित जनपदीय अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

(2) स्वीकृत धनराशि के व्यय किये जाने के पूर्व सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति प्राप्त कर ली जायेगी।

(3) व्यय भारत सरकार/शासन के सुसंगत नियमों/निर्देशों के अधीन गाइड लाइन में निहित निर्देशानुसार ही किया जायेगा।

(4) योजनान्तर्गत लाभार्थी को दिये जा रहे लाभ में द्विरावृत्ति नहीं होगी अर्थात राज्य सेक्टर या किसी अन्य समान योजना के लाभार्थी इस योजना में शामिल नहीं होंगे। लाभार्थियों के नाम Net पर रहेंगे।

(5) भण्डार क्रय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) योजनान्तर्गत व्यय को स्वीकृत धनराशि के अन्दर सीमित रखा जायेगा। अतिरिक्त धनराशि मिलने की प्रत्याशा में व्यय को किसी भी दशा में स्वीकृत धनराशि से बढ़ाया नहीं जायेगा।

(7) अप्रयुक्त धनराशि शासन को यथा समय समर्पित की जायेगी।

(8) अवमुक्त की गयी धनराशि का व्यय विवरण प्रत्येक माह की 5 तारीख तक उद्यान अनुभाग, कृषि अनुभाग-3, उ0प्र0शासन तथा नोडल अधिकारी, आर0के0वी0वाई0, कृषि निदेशालय, लखनऊ को उपलब्ध करायी जायेगी।

भवदीय,

(आर0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

<u>संख्या: 46/2018-1763(1)/58-2018, तददिनांक</u> :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) वित्त नियंत्रक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(3) कृषि निदेशक/नोडल अधिकारी, आर0के0वी0वाई0, उ0प्र0, कृषि भवन, लखनऊ।
(4) नोडल अधिकारी, आर0के0वी0वाई0, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(5) संबंधित कोषाधिकारी, उ0प्र0।
(6) कृषि अनुभाग-3, उ0प्र0शासन।
(7) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(8) वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0शासन।
(9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(इन्दुबाला कटियार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in